CUET UG 2026 Hindi May 13 Shift 2 Question Paper

Conducted by the National Testing Agency (NTA)

Time Allowed: 60 Minutes **Total Questions: 50** **Maximum Marks: 250**

General Instructions

(i) This is the **Hindi** question paper of **CUET (UG) 2026**, conducted by the **National Testing Agency (NTA)** in Computer Based Test (CBT) mode.

(ii) The paper contains **50 multiple choice questions**. All questions are compulsory.

(iii) The duration of this test paper is **60 minutes**. The maximum score is **250 marks**.

(iv) Each question has **four options**. Select the **one correct answer** for each question.

(v) **Marking scheme: +5 marks** for a correct answer, **-1 mark** for an incorrect answer, and **0 marks** for an unanswered question.

(vi) For questions based on a passage or table, read the given material carefully and answer the questions that follow.

1. निम्नलिखित शब्दों में अशुद्ध वर्तनी वाला कौन सा शब्द है ?

(A) अन्तर्धान (B) उपलक्ष्य

(C) कृपया (D) स्वास्थ

2. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद की वर्तनी के चार विकल्प दिए गये हैं, सही विकल्प की पहचान कीजिये - सौम्यता ही नारी का सच्चा श्रृंगार है।

(A) सृंगार (B) श्रृंगार

(C) सिंगार (D) शृंगार

3. उद्गम की दृष्टि से निम्नलिखित शब्दों को तत्सम, तद्भव, देशज और विदेशज के क्रम में व्यवस्थित कीजिये -

A. गाँव

B. क्षेत्र

C. गाड़ी

D. दुकान

(A) (A), (B), (C), (D) (B) (A), (C), (B), (D)

(C) (B), (A), (C), (D) (D) (C), (B), (D), (A)

4. निम्नलिखित शब्दों में कौन सा शब्द देशज है?

(A) गेहूँ (B) लोक

(C) बेटा (D) दोस्त

5. निम्नलिखित विकल्पों में तत्सम शब्द की पहचान कीजिए -

(A) कपूर (B) आम

(C) घृणा (D) कान

6. निम्नलिखित में कौन सा कोयल का पर्यायवाची नहीं है?

(A) काकली (B) रासभ

(C) वनप्रिया (D) पिक

7. निम्नलिखित में 'अश्व' शब्द का पर्यायवाची नहीं है -

(A) तुरंग (B) कुंजर

(C) हय (D) बाजि

8. निम्नलिखित में 'अनुशासन' का उचित विलोम शब्द है -

(A) अनुशासनहीन (B) अननुशासन

(C) दुष्ट (D) मनमौजी

9. निम्नलिखित में 'क्षणिक' का उचित विलोम शब्द है -

(A) शाश्वत (B) वर्तमान

(C) क्षणभंगुर (D) समसामयिक

10. निम्नलिखित शब्दों में 'आँख' का अर्थ नहीं होता है -

(A) संतान (B) छिद्र

(C) स्वरूप (D) परख

11. निम्नलिखित विकल्पों में 'हरि' शब्द का अर्थ नहीं है -

(A) मेढ़क (B) हाथी

(C) नेवला (D) तोता

12. सूची -I को सूची -II से सुमेलित कीजिए :

सूची -I वाक्यांश	**सूची -II एक शब्द**
(A). जिसके समान अन्य न हो	(I). असामयिक
(B). जो नहीं जानता हो	(II). अज्ञ
(C). जिसके समान दूसरा न हो	(III). अनन्य
(D). जो उचित समय पर न हो	(IV). अद्वितीय

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(A) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)

(B) (A) - (III), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (I)

(C) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)

(D) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

13. जिसकी बुद्धि तुरंत सोच ले, उसे क्या कहते हैं?
A. द्रुतगामी
B. कुशाग्रबुद्धि
C. प्रत्युत्पन्नमति
D. दत्तचित्त
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(A) केवल (A), (B) और (D)
(B) केवल (A) और (C)
(C) केवल (D)
(D) केवल (C)

14. निम्नलिखित में पुंलिंग शब्दों की पहचान कीजिए -
A. सिन्धु
B. दही
C. पानी
D. सहायता
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(A) केवल (A) और (D)
(B) केवल (A), (B) और (C)
(C) केवल (A), (B) और (D)
(D) केवल (C) और (D)

15. निम्नलिखित विकल्पों में एकवचन वाले शब्द की पहचान कीजिए -

(A) हस्ताक्षर
(B) प्राण
(C) आंसू
(D) वर्षा

16. 'राम अयोध्या से वन को गए' उपर्युक्त वाक्य में किस कारक का चिह्न प्रयुक्त हुआ है?

(A) करण कारक
(B) अपादान कारक
(C) संबंध कारक
(D) अधिकरण कारक

17. 'प्रविशेषण' निम्नलिखित में से किसकी विशेषता बताता है?

(A) संज्ञा और सर्वनाम की
(B) संज्ञा और विशेषण की
(C) विशेषण की
(D) सर्वनाम की

18. विशेषण का लिंग किसके अनुसार परिवर्तित होता है?

(A) विशेष्य के अनुसार होता है
(B) स्वतंत्र रहता है
(C) सदैव पुलिंग होता है
(D) सदैव स्त्रीलिंग होता है

19. निम्नलिखित वाक्यों में किसमें पूर्वकालिक क्रिया नहीं है?

(A) वह खाकर विद्यालय जाता है।
(B) वह खाकर टहलता है।
(C) वह लेटकर खाता है।
(D) वह खाकर नहाता है।

20. निम्नलिखित शब्दों को अकर्मक, सकर्मक, संयुक्त क्रिया और प्रेरणार्थक क्रिया के क्रम में संयोजित कीजिए -
(A). सोना
(B). पढ़ना
(C). गिर पड़ना
(D). बनवाना
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(A) (A), (B), (C), (D)
(B) (A), (C), (B), (D)
(C) (B), (A), (D), (C)
(D) (C), (B), (D), (A)

21. क्रिया विशेषण कितने प्रकार के होते हैं?

(A) तीन
(B) चार
(C) पांच
(D) छह

22. 'मैं आप चला जाऊंगा' - इस वाक्य में 'आप' कौन सा सर्वनाम है?

(A) पुरुषवाचक सर्वनाम
(B) निश्चयवाचक सर्वनाम
(C) निजवाचक सर्वनाम
(D) संबंधवाचक सर्वनाम

23. निम्नलिखित में कौन से विकल्प सुमेलित हैं?
A. बैठी हूँ - आसन्न भूतकाल
B. बैठी थी - पूर्णभूतकाल
C. बैठती थी - संदिग्ध भूतकाल
D. बैठी होती - हेतुहेतुमद भूतकाल
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(A) केवल (A), (B) और (D)
(B) केवल (A), (B) और (C)
(C) (A), (B), (C) और (D)
(D) केवल (B), (C) और (D)

24. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त संधि को पहचान कर इन्हें दीर्घ, गुण, वृद्धि और यण संधि के क्रम में संयोजित कीजिए -
(A). सूक्ति
(B). मतैक्य
(C). स्वागत
(D). महोत्सव
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(A) (A), (B), (C), (D)
(B) (A), (C), (B), (D)
(C) (B), (A), (D), (C)
(D) (C), (B), (D), (A)

25. 'धनु:+ टंकार' की उचित संधि होगी -

(A) धनु:टंकार
(B) धनुस्टंकार
(C) धनुष्टंकार
(D) धनुश्टंकार

26. सूची -I को सूची -II से सुमेलित कीजिए :

सूची -I सामासिक पद	**सूची -II समास का नाम**
(A). आजीवन	(I). द्विगु समास
(B). शत्रुघ्न	(II). तत्पुरुष समास
(C). मृगनैनी	(III). अव्ययीभाव समास
(D). दुसूती	(IV). कर्मधारय समास

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(A) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)
(B) (A) - (I), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (IV)
(C) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)
(D) (A) - (III), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (I)

27. 'हरिशंकर' में कौन सा समास है?

(A) अव्ययीभाव समास
(B) कर्मधारय समास
(C) द्वन्द्व समास
(D) बहुव्रीहि समास

28. निम्नलिखित में कौन सा शब्द 'अधि' उपसर्ग से निर्मित नहीं है?

(A) अधिपति
(B) अध्ययन
(C) अधिकार
(D) अधुनातन

29. निम्नलिखित में कौन सा 'आई' प्रत्यय से निर्मित शब्द नहीं है?

(A) पंडिताई
(B) हँसाई
(C) दुखदायी
(D) चतुराई

30. सूची -I को सूची -II से सुमेलित कीजिए :

सूची -I रस	**सूची -II स्थायी भाव**
(A). रौद्र	(I). शोक
(B). वीभत्स रस	(II). निर्वेद
(C). शांत रस	(III). जुगुप्सा
(D). करुण रस	(IV). क्रोध

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(A) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)
(B) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)
(C) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)
(D) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

31. निम्नलिखित में कौन सी विशेषता 'दोहा' छंद की नहीं है?

(A) दोहा के पहले और तीसरे चरण में तेरह-तेरह मात्राएँ होती हैं।
(B) दोहा के दूसरे और चौथे चरण में ग्यारह-ग्यारह मात्राएँ होती हैं।
(C) यह एक विषम मात्रिक छंद है।
(D) दोहा, सोरठे का उल्टा होता है।

32. निम्नलिखित उदाहरणों को **उपमा, रूपक, यमक और श्लेष** अलंकार के क्रम में संयोजित कीजिए -
(A). काली घटा का घमंड घटा
(B). जो रहीम गति दीप की, कुल कपूत गति सोय, बारे उजियारे करै, बढ़े अंधेरो होय|
(C). कोटि कुलिस सम बचन तुम्हारा
(D). राम कृपा भव निसा सिरानी
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(A) (A), (B), (C), (D)
(B) (A), (C), (B), (D)
(C) (B), (A), (D), (C)
(D) (C), (B), (D), (A)

33. निम्नलिखित में कौन अर्थालंकार का उदाहरण नहीं है ?

A. यमक
B. रूपक
C. उत्प्रेक्षा
D. श्लेष

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(A) केवल (A) और (D)
(B) केवल, (B) और (C)
(C) केवल (A), (B), (C)
(D) केवल (B), (C) और (D)

34. निम्नलिखित में कौन सा शुद्ध वाक्य नहीं है?

(A) मैं पैदल चलने का अभ्यासी हूँ।
(B) विमला ने गीत गाया।
(C) उसे मृत्युदंड मिला।
(D) राम, सीता और लक्ष्मण गए।

35. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य की पहचान कीजिए -

(A) सत्यवान की पत्नी सावित्री पतिव्रता नारी थी।
(B) सावित्री, जो सत्यवान की पत्नी थी, पतिव्रता नारी थी।
(C) सावित्री, पतिव्रता नारी थी, जो सत्यवान की पत्नी थी।
(D) सत्यवान की पतिव्रता नारी सावित्री थी।

36. 'आँखों में चर्बी होना' मुहावरे का सही अर्थ है -

(A) दुश्मन होना
(B) सारी रात जागते रहना
(C) हीन होना
(D) घमंडी होना

37. 'निन्यानवे के फेर में पड़ना' का सही अर्थ है -

A. धन कमाने में लगे रहना
B. मूर्खता के कार्य कर बैठना
C. झंझटों में फंसे रहना
D. किसी चक्कर में पड़ जाना

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(A) केवल (A)
(B) केवल (B) और (C)
(C) केवल (D)
(D) केवल (C) और (D)

38. सूची -I को सूची -II से सुमेलित कीजिए :

सूची -I लेखक	**सूची -II पुस्तक**
(A). प्रेमचंद	(I). अजातशत्रु
(B). नागार्जुन	(II). पद्मावत
(C). जायसी	(III). बलचनमा
(D). जयशंकर प्रसाद	(IV). गोदान

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(A) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)
(B) (A) - (I), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (IV)
(C) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)
(D) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

39. जन्मकाल के अनुसार रचनाकारों का सही अनुक्रम क्या है?

(A) जयशंकर प्रसाद
(B) बालकृष्ण भट्ट
(C) मैथिलीशरण गुप्त
(D) केदारनाथ अग्रवाल

(A) (A), (B), (C), (D)
(B) (A), (C), (B), (D)
(C) (B), (C), (A), (D)
(D) (C), (B), (D), (A)

40. सूची -I को सूची -II से सुमेलित कीजिए :

सूची -I मुहावरे	**सूची -II अर्थ**
(A). नाक कटना	(I). खुशामद करना
(B). नाक काटना	(II). बेइज्जत होना
(C). नाक रखना	(III). बेइज्जत करना
(D). नाक रगड़ना	(IV). इज्जत करना

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(A) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)
(B) (A) - (I), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (IV)
(C) (A) - (II), (B) - (III), (C) - (IV), (D) - (I)
(D) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

Read the passage and answer Questions 41-45.

निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर अगले पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिये |

अहिंसा का मतलब कमजोरी नहीं है | भाग जाना अहिंसा नही है| यदि शत्रु के सामने निःशस्त्र खड़े रहने की तैयारी न हो, तो उसके ऊपर प्रहार की तैयारी में खड़े रहो| लेकिन भाग जाना, तो पूरी तरह त्याज्य और निन्द्य है| इसी बात को गाँधी जी ने सौ बार कहा है, " यदि आप शस्त्रों से स्वराज्य ले सकते हैं, तो आप उसे ले लीजिये | मै दूर खड़ा रहूँगा | लेकिन गुलाम मत रहिए और यदि शस्त्रों से न लड़ सके, तो मेरी निःशस्त्र लड़ाई में शामिल हो जाइए | स्वतंत्रता की लड़ाई तो हमें चालू रखनी ही पड़ेगी | भयभीत होकर सच्चाई के मार्ग से विमुख हो जाना, अहिंसा नहीं कायरता है | इसी कायरता के कारण जातियां गुलाम होती हैं | गुलामी में सड़ते रहना, तो मनुष्यों को शोभा नही देता" गाँधी जी का यह कहना नहीं था कि कल देखते-देखते सारी सेनाएं मिट जाएँगी | भारत को भी सेना, शस्त्रास्त्र सबकी जरूरत पड़ेगी | गीता के अठारहवें अध्याय में कहा गया है कि मारने पर भी मारना उचित नहीं होता है | लेकिन यह स्थिति किसकी है? जिसे सारा विश्व अपने जैसा दिखाई देता है, उसके मारने में जीवन ही है | माँ बच्चे को मारती है, पर बच्चा माँ के गोद में छिपकर रोता है, इसीलिए माँ का मारना, मारना नहीं होता | राम ने रावण को मारा, लेकिन हम कहते हैं कि उससे रावण का उद्धार हो गया, तो फिर राम का मारना भी हिंसा नहीं कहा जा सकता |

41. गाँधी जी ने लोगों से क्या कहा?

(A) स्वतंत्रता हेतु आप मेरी निःशस्त्र लड़ाई में शामिल हो जाइये

(B) आप जो कर रहे हैं वह निन्दा है

(C) केवल शस्त्र से ही स्वतंत्रता की लड़ाई जीती जा सकती है

(D) गुलाम होकर भी जीवन जी सकते हैं

42. 'अहिंसा ' का अर्थ होता है -

(A) बिना प्रतिकार के कष्ट सहना

(B) युद्ध से हर हाल में दूर रहना

(C) भयभीत होना

(D) निःशस्त्र लड़ाई

43. गद्यांश के अनुसार कायरता के कारण उत्पन्न होती है -

(A) गुलामी

(B) अहिंसा

(C) भय की प्रतीति

(D) पलायन की प्रवृत्ति

44. निम्नलिखित शब्दों का उचित वर्ण क्रम संयोजन है - अहिंसा , प्रहार , गुलाम , अध्याय

(A) प्रहार, अध्याय, गुलाम, अहिंसा

(B) अध्याय, अहिंसा, गुलाम, प्रहार

(C) अहिंसा, अध्याय, प्रहार, गुलाम

(D) गुलाम, प्रहार, अहिंसा, अध्याय

45. पूरी तरह निंदनीय क्या है ?

(A) परिस्थितियों से भाग जाना

(B) परिस्थितियों से लड़कर हार जाना

(C) परिस्थितियों का मुकाबला करना

(D) परिस्थितियों को समझने की कोशिश करना

Read the passage and answer Questions 46-50.

निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर अगले पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

विषुवत- रेखा का वासी जो, जीता है नित हाँफ- हाँफ कर,

रखता है अनुराग अलौकिक, वह भी अपनी मातृभूमि पर।

ध्रुव वासी जो हिम में तम में, जी लेता है काँप- काँप कर,

वह भी अपनी मातृभूमि पर, कर देता है प्राण निछावर।

तुम तो हे प्रिय बन्धु! स्वर्ग सी, सुखद सकल विभवों की आकर,

धरा-शिरोमणि मातृभूमि में, धन्य हुए हो जीवन पाकर।

तुम जिसका जल-अन्न ग्रहण कर, बड़े हुए लेकर जिसका रज ,

तन रहते कैसे तज दोगे, उसको हे वीरों के वंशज ॥

जब तक साथ एक भी दम हो, हो अवशिष्ट एक भी धड़कन,

रखो आत्म-गौरव से ऊँची, पलकें, ऊँचा सिर, ऊँचा मन ॥

46. कवि ने वीरों का वंशज किसे कहा है ?

(A) विषुवत प्रदेश के लोगों को
(B) ध्रुव प्रदेश के लोगों को
(C) भारतीयों को
(D) सुखद जीवन जीने वाले लोगों को

47. 'रज' शब्द का अर्थ होता है -

(A) रस्सी
(B) अन्न
(C) मिट्टी
(D) पुष्प

48. निम्नलिखित शब्दों को उचित वर्ण क्रम में संयोजन कीजिए - अनुराग, अलौकिक, अन्न, आत्मगौरव

(A) अन्न, अनुराग, अलौकिक, आत्मगौरव
(B) अनुराग, अन्न, अलौकिक, आत्मगौरव
(C) आत्मगौरव, अनुराग, अलौकिक, अन्न
(D) अलौकिक, अनुराग, अन्न, आत्मगौरव

49. कवि ने देशवासियों को जगाने के लिए इनमें से किसका उदाहरण नहीं दिया है?

(A) विषुवत प्रदेश के वासियों का
(B) ध्रुव प्रदेश के वासियों का
(C) अपने मातृभूमि के प्रति समर्पित लोगों का
(D) जंगल के वासियों का

50. निम्नलिखित काव्य पंक्ति में कौन सा अलंकार है ?
"तुम तो हे प्रिय बन्धु ! स्वर्ग सी "

(A) उपमा अलंकार
(B) रूपक अलंकार
(C) अनुप्रास अलंकार
(D) श्लेष अलंकार

- End of Question Paper -